# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी दक्षिण वनमण्डल शहडोल

जिला-शहडोल ४८४००१ (मध्यप्रदेश)

फोन (कार्या–240304) (निवास–241443) (फैक्स–240304) ई–मेल– dfotsshahd@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./2022/ 2583 शहडोल, दिनांक 28/04/2022

**प्रति,**

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) शहडोल**
**जिला-शहडोल (म०प्र०)**

विषय :– शहडोल जिले के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र खन्नौधी में सरना से विशनपुरवा मार्ग का प्रस्तावित रकवा वनभूमि 3.340 हे0 एवं राजस्व वनभूमि 1.428 हे0 कुल 4.768 हे0 की मांग कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण (भ/स) शहडोल संभाग शहडोल (म0प्र0)

संदर्भ :– 1–इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/मा.चि./166 दिनांक 23.01.2019, 1668 दि. 11.03.2019, 278 दिनांक 18.01.2021, 4257 दिनांक 13.07.2021 एवं 6638 दि. 03.11.2021

2–आपका पृ0क्रमांक/2838 दिनांक 06.07.2021

-☆☆☆-

विषयांकित संदर्भित पत्र क्रमांक–01 का अवलोकन करें जिसमें व्यपवर्तित वनभूमि के बदले समतुल्य गैर वनभूमि उपलब्ध कराने हेतु लगातार लेख किया गया है, परन्तु आज दिनांक तक प्रकरण में समतुल्य गैर वनभूमि उपलब्ध नही कराई गई है।

संदर्भित पत्र क्रमांक–02 से आपके द्वारा मोहतरा से हर्राटोला, कोडार से बरदौंहा एवं सरना से विशनपुरवा मार्ग में व्यपवर्तित वनभूमि रकवा 9.374 हे0 के बदले दोगुना झुड़पी जंगल मद मे दर्ज राजस्व वनभूमि रकवा 18.748 हे0 तहसीलदार जैतपुर को लेख कर इस कार्यालय को प्रति भेजा गया है, उपरोक्त प्रकरण लगभग 3 वर्ष से अधिक समय से ऑनलाईन पोर्टल में लम्बित होने के कारण वरिष्ठ कार्यालय द्वारा शीघ्र कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये जा रहे हैं।

अतः अन्तिम स्मरण पत्र जारी कर लेख है कि सरना से विशनपुरवा में प्रभावित वनभूमि के विरूद्ध एक सप्ताह के अन्दर गैर वनभूमि उपलब्ध कराने की कार्यवाही करें, समयावधि में कार्यवाही नही किये जाने पर प्रकरण को निरस्त करने हेतु वरिष्ठ कार्यालय को लेख किया जावेगा, जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी आवेदक संस्थान की होगी।

**वनमण्डलाधिकारी**
**दक्षिण वनमण्डल शहडोल**
28/4/22

पृ0क्रमांक/मा.चि./2022/ 2584 शहडोल, दिनांक 28/04 /2022

**प्रतिलिपिः-**

1. मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कलेक्टर जिला शहडोल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

**वनमण्डलाधिकारी**
**दक्षिण वनमण्डल शहडोल**
28/4/22